हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक—136 : जौनपुर, शनिवार 16 जुलाई 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज —4 मूल्य : 2 रूपया

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जालौन जिले में बुंदेलखंड एक्सप्रेस—वे का किया गया उद्घाटन

कानपुर ब्यूरो : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में बुंदेलखंड एक्सप्रेस—वे का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए बुंदेलखंड एक्सप्रेस—वे के लिए लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जिस धरती ने अनगिनत शूरवीर पैदा किए, जहां के खून में भारत भक्ति बहती है। जहां के बेटे—बेटियों के पराक्रम और परिश्रम ने हमेशा देश का नाम रोशन किया है। उस बुंदेलखंड की धरती को आज एक्सप्रेस—वे का उपहार देते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। बुंदेलखंड की औद्योगिक प्रगति को गति देगा एक्सप्रेस—वे पीएम मोदी ने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस—वे से चित्रकूट से दिल्ली की दूरी तो 3—4 घंटे कम हुई ही है, लेकिन इसका लाभ इससे भी कहीं ज्यादा है। ये एक्सप्रेसवे यहां सिर्फ वाहनों को गति नहीं देगा, बल्कि ये पूरे बुंदेलखंड की औद्योगिक प्रगति को गति देगा। नए संकल्पों को लेकर आगे बढ़ रहा है उत्तरप्रदेश पीएम मोदी ने कहा कि यूपी नए संकल्पों को लेकर अब तेज गति से दौड़ने के लिए तैयार हो चुका है। यही सबका साथ है, सबका विकास है। कोई पीछे न छूटे, सब मिलकर काम करें। इसी दिशा में डबल इंजन की सरकार लगातार काम कर रही है। यूपी के छोटे—छोटे जिले हवाई सेवा से जुड़ें, इसके लिए भी तेजी से काम किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि मैं दशकों से उत्तर प्रदेश आता—जाता रहा हूं, यूपी के आशीर्वाद से पिछले आठ साल से देश के प्रधानसेवक के रूप में कार्य करने का आप सबने जिम्मा दिया है। लेकिन मैंने हमेशा देखा कि अगर यूपी में अच्छी कानून व्यवस्था और बेहतर कनेक्टिविटी हो, तो उत्तर प्रदेश चुनौतियों को दूर करते हुए बहुत बड़ी ताकत के साथ खड़ा हो जाएगा। डबल इंजन की सरकार कर रही है अभूतपूर्व काम पीएम मोदी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में आज यूपी जिस तरह आधुनिक हो रहा है। ये अभूतपूर्व है। जिस यूपी में सरयू नहर परियोजना को पूरा होने में 40 साल लगे, जिस यूपी में गोरखपुर फर्टिलाइजर प्लांट 30 साल से बंद बड़ा था, जिस यूपी में अर्जुन डैम परियोजना को पूरा होने में 12 साल लगे। उन्होंने कहा कि जिस यूपी में अमेठी रायफल कारखाना सिर्फ एक बोर्ड लगाकर खड़ा था, जिस यूपी में रायबरेली रेल कोच फैक्ट्री सिर्फ डिब्बों का रंग—रोगन करती थी। उस यूपी में आज इतनी गंभीरता से काम हो रहे हैं कि उसने अच्छे—अच्छे राज्यों को भी पीछे छोड़ दिया है। दिल्ली—मेरठ एक्सप्रेस—वे का शिलान्यास और लोकार्पण दोनों हमारी सरकार में हुआ पीएम मोदी ने कहा कि हम समय की मर्यादा का पालन कैसे करते हैं, इसके अनगिनत उदाहरण यूपी में ही हैं। काशी में विश्वनाथ धाम के सुंदरीकरण का



काम हमारी ही सरकार ने ही शुरु किया और हमारी सरकार ने ही पूरा किया। गोरखपुर एम्स का शिलान्यास भी हमारी सरकार ने किया और उसका लोकार्पण भी हमारी सरकार में हुआ। पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली—मेरठ एक्सप्रेस—वे का शिलान्यास और लोकार्पण दोनों हमारी सरकार में हुआ। बुंदेलखंड एक्सप्रेस—वे भी इसी का उदाहरण है। इसका काम अगले साल फरवरी में पूरा होना था, लेकिन ये 7—8 महीने पहले ही सेवा के लिए तैयार है। रेवड़ी बांटने वाले कभी एक्सप्रेसवे नहीं बनाएंगेरू पीएम मोदी पीएम मोदी ने कहा कि हम कोई भी फैसला लें, निर्णय लें, नीति बनाएं, इसके पीछे सबसे बड़ी सोच यही होनी चाहिए कि इससे देश का विकास और तेज होगा। हर वो बात, जिससे देश को नुकसान होता है, देश का विकास प्रभावित होता है, उसे हमें दूर रखना है। पीएम ने कहा कि आजकल हमारे देश में मुफ्त की रेवड़ी बांटकर वोट बटोरने का कल्चर लाने की कोशिश हो रही है। ये रेवड़ी कल्चर देश के विकास के लिए बहुत घातक है। इस रेवड़ी कल्चर से देश के लोगों को बहुत सावधान रहना है। बुंदेलखंड के विकास में कुटीर उद्योगों का अहम योगदान पीएम मोदी ने कहा कि बुंदेलखंड के विकास में बहुत बड़ी ताकत यहां के कुटीर उद्योगों की भी है। आत्मनिर्भर भारत के लिए हमारी सरकार द्वारा इस कुटीर परंपरा पर भी बल दिया जा रहा है। मेक इन इंडिया इसी कुटीर परंपरा से सशक्त होने वाला है। बुंदेलखंड की एक और चुनौती को कम करने के लिए हमारी सरकार निरंतर काम कर रही है। हर घर तक पाइप से पानी पहुंचाने के लिए हम जल जीवन मिशन पर काम कर रहे हैं। लाखों परिवारों को दिया जाएगा पानी का कनेक्शन पीएम मोदी ने कहा कि इस मिशन के तहत बुंदेलखंड के लाखों परिवारों को पानी का कनेक्शन दिया जा चुका है। इसका बहुत बड़ा लाभ हमारी माताओं—बहनों को हुआ है। हम बुंदलेखंड में नदियों के पानी को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। केन—बेतवा लिंक प्रोजेक्ट के लिए हजारों करोड़ रुपये स्वीकृत किए जा चुके हैं, इससे बुंदेलखंड के बहुत बड़े हिस्से का जीवन बदलने वाला है। आजादी के 75 वर्ष के अवसर पर हमने देश में अमृत सरोवरों के निर्माण का संकल्प लिया है। बुंदेलखंड के हर जिले में 75 अमृत सरोवर बनाएंगे पीएम मोदी ने कहा कि बुंदेलखंड के हर जिले में भी 75 अमृत सरोवर बनाएं जाएंगे। ये जल सुरक्षा और आने वाली पीढ़ियों के लिए बहुत बड़ा काम है। भारत में खिलौने बनाना पारंपरिक व्यवसाय रहा है। मैंने खिलौना उद्योगों को नए सिरे से काम करने का आग्रह किया था। लोगों से भी भारतीय खिलौने खरीदने का आग्रह किया था। हर घर और हर गांव में आजादी का अमृत महोत्सव मनाना चाहिए पीएम मोदी ने कहा कि सरकार के स्तर पर जो काम जरूरी थे, वो भी हमने किया। इसका नतीजा ये निकाला कि आज विदेश से आने वाले खिलौनों की संख्या बहुत बड़ी संख्या में कम हो गई है। साथ ही भारत से अब बड़ी संख्या में खिलौने विदेश में जाने लगे हैं। मैं आप सबको याद दिलाना चाहता हूं कि 15 अगस्त तक पूरे महीने, हिंदुस्तान के हर घर और हर गांव में आजादी का अमृत महोत्सव मनना चाहिए और शानदार तरीके से मनना चाहिए।

## संस्था विद्यांजलि भारत मंच इंदौर का अर्धवार्षिक आयोजन सम्पन्न

महू, मध्यप्रदेश ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : पशु चिकित्सा विज्ञान व पशु पालन महाविद्यालय महू के 68वे स्थापना दिवस के अवसर पर उड़ान कवि सम्मलेन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि सुश्री उषा ठाकुर कैबिनेट मंत्री मध्यप्रदेश शासन, विशिष्ट अतिथि साहित्यकार चकोर चतुर्वेदी, परम पूज्य महामंडलेश्वर 1008 श्री दादू महाराज, विशेष अतिथि एकाग्र शर्मा पटकथा लेखक द कपिल शर्मा शो, राष्ट्रीय समन्वयक श्रीमती सपना अमित मिश्रा आदि पधारे! कार्यक्रम संयोजक एवं संस्थापक दामोदर विरमाल ने बताया कि घरो में छिपी साहित्य कला और समाज से जुडी प्रतिभाओ को निरंतर रूप से स्वतंत्र मंच और सम्मान प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम कि श्रृंखला में संस्था का यह 10 वां प्रयास है, उक्त आयोजन के अंतर्गत डॉ अर्पण जैन अविचल जी को मातृभाषा हिंदी हेतु, सुश्री हेमलता शर्मा जी भोलिबेन को मालवी भाषा हेतु, श्री मनोहर जायसवाल जी को गौसेवा हेतु, और श्रीमती संगीता राव महंत जी को मानव सेवा हेतु महारथी सम्मान दिया गया ! इसके पश्चात् कवि सम्मलेन प्रारम्भ हुआ जिसमे श्रेष्ठ युवा कवियों के रूप में राहुल कुम्भकार ब्यावरा, जीतेन्द्र शिवहरे इंदौर, राहुल सक्षम देवास, शुभम शर्मा उज्जैन, यश शुक्ला इंदौर, अवनीश पाठक सूर्य सिवनी, अनिरुद्ध कुशवाह पीथमपुर, संचित मिश्रा इंदौर, आशीष पंवार इंदौर




आदि ने लाजवाब काव्यपाठ करके समां बाँध दिया ! आयोजन में सहयोग हेतु संरक्षक डॉ आरके जैन साहब, प्रायोजक डॉ बीपी शुक्ला साहब, प्रायोजक डॉ आरके बघेरवाल साहब की मुख्य भूमिका रही, कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप युवा कवि भैया गौरव साक्षी एवं भैया हिमांशु भावसार आदि उपस्थित रहे वहीं व्यवस्था में रोहित राव, विशाल कश्यप, आरती पंवार, निहारिका प्रजापत ने साथ दिया तो श्री गुणाधीश चौनल ने वीडियो और मनीष राठौर ने छायांकन किया! कार्यक्रम का सफल संचालन युवा कवि अवनीश पाठक ने किया और आभार दामोदर विरमाल ने माना !

## जिलाधिकारी गोरखपुर व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा खजनी तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर सुनी गयी जनता की फरियाद

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : जिलाधिकारी गोरखपुर व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर द्वारा आज दिनांक 16.07.2022 को खजनी तहसील पर आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया । राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियोंध्कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत—प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाए जिससे आमजनमानस को बेवजह परेशान होना न पड़े । इसी क्रम में संपूर्ण समाधान दिवस में आए सभी फरियादियों की फरियाद सुनने



के बाद प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच करते हुए उनके त्वरित व विधिक निस्तारण हेतु राजस्व और पुलिस विभाग की टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

## बिना कौशल परक शिक्षा के जीवन में आगे बढ़ पाना मुश्किल —डॉ अरविंद सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जन शिक्षण संस्थान द्वारा विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर युवा कौशल संवाद एवं संगोष्ठी का आयोजन निदेशक डॉ सुधा सिंह के नेतृत्व में किया गया। जिसमे युवावो को कौशल एवं तकनिकी शिक्षा के महत्व पर प्रकश डाला गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ अरविन्द सिंह विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान तिलक धारी सिंह स्नाकोत्तर महाविद्यालय एवं इग्नू कोऑर्डिनेटर, डॉ लाल चंद्र यादव प्रवक्ता तिलक धारी सिंह स्नाकोत्तर महाविद्यालय के द्वारा फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में बच्चो को संबोधित करते हुए कौशल परक शिक्षा पर जोर देते हुए कहा की यह प्रतिस्पर्धा का समय हैं जिसमे बिना कौशल परक शिक्षा के जीवन में आगे बढ़ पाना मुश्किल हो जाता हैं। इसी क्रम में डॉ लाल चंद्र यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि अगर व्यक्ति में कोई हुनर हैं तो वह आसानी से इस कठिन दौर में भी अपनी रोजी रोटी कि व्यवस्था आसानी से कर सकता है। मुख्य अतिथि ने इग्नू द्वारा संचालित सभी प्रशिक्षण के बारे में उपस्थित सभी पूर्व जन शिक्षण संस्थान के लाभार्थियों को जानकारी दिया और लोगो को यह भी बताया जिनकी शिक्षा अधूरी रह गयी हैं उसे वह इग्नू के माध्यम से घर बैठे पूरी कर सकते हैं। डॉ लाल चंद्र यादव ने इग्नू द्वारा संचालित सभी प्रशिक्षण पर प्रकाश डालते हुये कहा कि यह सर्व सुलभ शिक्षा का माध्यम बन




सकता हैं। निदेशक डॉ सुधा सिंह ने जन शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित समस्त गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज का समय कौशल का समय हैं जिसके भी हाथ में हुनर हैं वह रोजगार के लिए परेशांन हो ही नहीं सकता है।कौशल से ही रोजगार का सृजन होता हैं युवा कौशल दिवस आज के समय में बढती हुई बेरोजगारी में कौशल परक शिक्षा देश के विकाश में सहायक होगी और सभी के हांथो में रोजगार होगा।कार्यक्रम के अंत मे निदेशक ने सभी के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी अवधेश श्रीवास्तव ने किया कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम अधिकारी रजनीश प्रताप सिंह सहायक कार्यक्रम अधिकारी विनोद मिश्रा कंप्यूटर ऑपरेटर जितेंद्र विश्वकर्मा, प्रशिक्षिका साधना श्रीवास्तव, सुनीता शर्मा एवं विनय गुप्ता का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## ग्राम पंचायतों को मॉडल के रूप में किया जायेगा विकसित – जिलाधिकारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया है कि उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा अवगत कराया गया है कि 73वें संविधान के फल स्वरुप त्रि—स्तरीय पंचायतों में ग्राम पंचायत सबसे निचली एवं महत्वपूर्ण इकाई के रूप से ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए कार्य कर रही है। ग्राम पंचायतों के माध्यम से विकास के विभिन्न घटकों यथा संरचनात्मक विकास, पेयजल, स्वच्छता जल संरक्षण, ठोस एवं तरल अपशिष्ट पदार्थ पर विभिन्न कार्य करते हुए प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कार प्राप्त किए गए हैं। वर्तमान परिदृश्य में आवश्यकता है कि ग्राम पंचायतों द्वारा पृथक—पृथक किए गए कार्यों को एक एकीकृत रूप से लागू कर ग्राम पंचायतों को मॉडल के रूप में विकसित किया जाए। मॉडल ग्राम पंचायत से आशय है कि ऐसी पंचायतें जो सहभागी नियोजन, योजनाओं के क्रियान्वयन परिसंपत्तियों के संचालन/रखरखाव के साथ विकास के अस्तित्व को बनाए रखें एवं इस प्रकार से सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में अपना योगदान दें। मॉडल ग्राम पंचायतों द्वारा स्थानीय स्तर पर सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु पंचायती राज मंत्रालय द्वारा गठित कर कार्य किया जाएगा, जिससे की संरचनात्मक ढांचे के विकास के साथ सामाजिक, आर्थिक एवं मानव विकास से संबंधित मांगों पर भी ग्राम पंचायत समान विकास कर सकते हैं। उन्होंने यह भी अवगत कराया है कि प्रदेश के 12 जनपद की 67 ग्राम पंचायतों को वित्त आयोग अंतर्गत परफॉर्मेंस ग्रांट की रु0 625 करोड़ की धनराशि आवंटित की गई है जिससे संबंधित ग्राम पंचायतों में डीपीआर तैयार कर संरचनात्मक ढांचे का विकास किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त अन्य ग्राम पंचायतों द्वारा



भी स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं वित्त आयोग आवंटित धनराशि उत्कृष्ट कार्य किए जा रहे हैं। ग्राम पंचायतों द्वारा ग्राम पंचायतों के मानकों के अनुसार विभिन्न गतिविधियों को संचालित करते हुए ग्राम पंचायत स्वयं को स्थापित किया जा सकता है। इस हेतु प्रथम चरण में प्रदेश की 150 ग्राम पंचायतों को मॉडल के रूप में विकसित किये जाने हेतु चयनित किया गया है। जनपद जौनपुर की ग्राम पंचायत पिलकिछा, विकासखंड खुटहन चयनित है। उक्त रूप से चयनित ग्राम पंचायतों में सर्वप्रथम ग्राम सभा का आयोजन का सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण पर जानकारी दी जाएगी एवं प्राप्त निधियों से आगामी छह माह की कार्य योजना बनाकर गांव को सुशासित गांव, साफ एवं हरा गांव, गरीबी मुक्त एवं बेहतर आजीविका वाला गांव, बाल मैत्री, गांव, विकास में लैंगिक समानता वाला गांव, पर्याप्त जल वाला गांव, स्वस्थ ग्राम, सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव, गांव में संरचनात्मक ढांचे यथेष्टा उपलब्धता पर कार्य किया जायेगा।

## आवश्यक सूचना


**आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई—पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें— उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें—**

**www.Deshkiupasana.com**
**www.Deshkiupasana.in**
**www.Deshkiupasana.org**

—संपादक

## विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते रिसाव हो रहा ट्रांसफारमर जला : व्यापारी के लाखों रुपए की हुई क्षति का कौन है जिम्मेदार

जौनपुर पत्रकार मनीष श्रीवास्तव : नगर के पुरानी सब्जी मंडी स्थित ट्रान्सफारमर से हो रहे तेल के रिसाव के कारण लगी भीषण आग, आग की चपेट में वहीं निचे आलू प्याज के थोक व्यापारी का लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। बताते चले की सुबह लगभग 6 बजे सब्जी मंडी में लगे ट्रांसफारमर से रीस रहे तेल की वजह से भीषण आग लग गयी जिसके कारण अफरा तफरी का माहौल हो



गया। ट्रांसफार्मर के ठीक नीचे आलू प्याज के थोक व्यापारी हिसामुद्दीन की दुकान सहित रखे हुए लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। वही कुछ स्थानीय दुकानदारों का कहना हैं कि आग लगने पर फायर बिग्रेड को फोन किया गया लेकिन था लेकिन फोन किसी ने उठाया ही नहीं। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रांसफारमर में आग लगने की सूचना बिजली विभाग को भी दिया गया था जिसमें मण्डी क्षेत्र की लाईट काटने का आग्रह किया गया था लेकिन सूचना के बावजूद मौके पर न तो कोई लाइनमैन आया न कोई सम्बन्धित अधिकारी ही पहुंचे। दुकानदारों का कहना हैं कि ट्रांसफार्मर से विगत कई दिनों से तेल का रिसाव हो रहा था इस संबंध में बिजली विभाग को अवगत भी कराया था लेकिन बिजली विभाग द्वारा इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया जिसके फलस्वरूप आज इतनी बड़ी घटना के साथ लाखों रुपये की हुई क्षति का जिम्मेदार कौन??

## पेंशन धारक 30 जुलाई तक केवाईसी अपडेट कराएं अन्यथा उनकी पेंशन नहीं आएगी— जिलाधिकारी गोरखपुर

गोरखपुर ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : ग्राम पंचायत सचिवालय, विकासखंड और तहसील स्तर पर कैंप लगाकर वृद्ध पेंशनधारकों के आधार का वैरिफिकेशन कराया जा रहा है पात्र लाभार्थी सहज जन सेवा केंद्र पर पहुंचकर केवाईसी करा कर वृद्धा पेंशन का लाभ उठाएं। डीएम ने बताया कि यह अभियान 30 जुलाई तक चलाकर शत—प्रतिशत पेंशन धारकों का आधार लिंक कराया जाएगा। डीएम कृष्णा करुणेश ने बताया कि सदर तहसील में उप—जिलाधिकारी सदर नगर क्षेत्र के लिए नामित किए गए हैं। इसके साथ ही सहायक प्रभारी राजस्व निरीक्षक होंगे। इसी क्रम में विभिन्न तहसीलों जैसे कैंपियरगंज, बांसगांव, खजनी, सहजनवा, चौरी चौरा और गोला में भी कैंप लगाया जाएगा। ब्लॉघ्क और न्याय पंचायत स्तर पर भी कैंप लगाया जाएगा, जिसके लिए जिम्मेदारों का चयन भी किया गया है। इनके नेतृत्व में कैंप लगाकर आधार वैरिफिकेशन किया जाएगा। निदेशक समाज कल्याण लखनऊ के स्तर से निर्देश दिया गया है कि वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थियों को अब अप्रैल 2022 से आधार बेस्ड भुगतान किया जाना है। दरअसल, जिले में वर्तमान में कुल 1 लाख 48 हजार 508 वृद्ध पेंशन पा रहे हैं। इनमें से सिर्फ 63 हजार 23 ने ही अपना आधार लिंक कराकर केवाईसी कराई है। 85 हजार 485 लोगों ने अभी केवाईसी नहीं कराई है। इसके चलते उनकी पेंशन इस बार नहीं भेजी जाएगी। केवाईसी होने के बाद ही उनका पेंशन इकट्ठा भेजी जाएगी। जनसेवा केंद्र या इस वेबसाइट से भी करा सकते हैं केवाईसी जिला प्रशासन ने बताया कि लोग जनसेवा केंद्रों और इंटरनेट की दुकानों पर भी जाकर आधार लिंक करा सकते हैं। इसके अलावा खुद ीजजचेरूध्ध्चल—नच.हवअ.पद वेबसाइट पर जाकर आधार लिंक कराकर केवाईसी करा सकते हैं। साथ ही जिला प्रशासन की ओर से सात तहसीलों और 20 विकासखंडों के न्याय पंचायतों पर कैंप लगाकर भी केवाईसी कराई जाएगी। जनसामान्य पढ़े—लिखे लोग कृपया अपने आस—पड़ोस के बुजुर्गों अशिक्षित व्यक्तियों को जानकारी देने तथा सहयोग करने का कष्ट करें

## बीमारी से तंग आकर वृद्धा ने लगाई फांसी हुई मौत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कैंट कोतवाली अंतर्गत बालक राम कॉलोनी मैं आज दोपहर लगभग 3:00 बजे बीमारी से तंग आकर वृद्धा ने लगाई फांसी हुई मौत प्राप्त जानकारी के अनुसार काजोल पुश वा नी पत्नी आत्माराम आयु लगभग 55 वर्ष निवासी बालक राम कॉलोनी कैंट कोतवाली जनपद अयोध्या बीमारी से तंग होकर घर में फांसी लगा लिया पति आत्माराम द्वारा फांसी के फंदे से उतारकर दोपहर 3:45 पर जिला चिकित्सालय लाया गया इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे डॉक्टर जयसिंह चौरसिया ने परीक्षण कर मृतक घोषित करते हुए शव को मोर्चरी में रखवाया वहीं फार्मेसिस्ट संजय गुप्ता द्वारा तत्काल पुलिस मेमो बनाकर पोस्टमार्टम हेतु कोतवाली नगर भिजवा दिया गया है पति आत्माराम ने बताया कि पत्नी के दोनों किडनी खराब होने के कारण ऐसा कदम उठाया है कैंट कोतवाली प्रभारी ने बताया कि परिजनों द्वारा अभी तक कोई सूचना नहीं दी गई है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

—सुविचार—
प्रसन्न व्यक्ति वह है जो निरंतर स्वयं का मूल्यांकन एवं सुधार करता है।
—साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# विकास : योगी सरकार का बुनियादी ढांचों के विकास पर ध्यान केंद्रित

अपनी महत्वाकांक्षी योजनाओं के साथ उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोबारा वापसी की है। अपने पहले कार्यकाल में उन्होंने कानून–व्यवस्था की स्थापना, जीवन और संपत्ति की सुरक्षा और पूरे राज्य में बुनियादी ढांचों के विकास पर ध्यान केंद्रित किया। एक्सप्रेस–वे और अन्य विकास कार्य राज्य की औद्योगिक विरासत को फिर से हासिल करने के एजेंडे को बढ़ावा देंगे। योगी ने अपनी दूसरी पारी की शुरुआत धमाकेदार ढंग से की है और वर्ष 2027 तक राज्य की अर्थव्यवस्था को दस खरब डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

केंद्र सरकार ने ठीक ही माना है कि उत्तर प्रदेश का विकास देश के विकास को आगे बढ़ाएगा, क्योंकि राज्य में राष्ट्र की 16 फीसदी आबादी रहती है। विगत जून में प्रधानमंत्री मोदी ने 80,000 करोड़ रुपये से अधिक की 1,406 परियोजनाओं की आधारशिला रखी थी। उत्तर प्रदेश के विकास पर केंद्र और राज्य, दोनों सरकारों के ध्यान दिए जाने से निवेशकों का आत्मविश्वास बढ़ा है। वित्त वर्ष 2022 में राज्य का निर्यात करीब 30 फीसदी बढ़ गया है। दूसरे चरण में राज्य इसमें तेजी ला सकता है और अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए सामाजिक–आर्थिक विकास रणनीतियों को अपना सकता है। ज्ञान–अर्थव्यवस्था में मौजूदा और भावी सामाजिक–आर्थिक विकास को बनाए रखने के लिए मानव पूंजी का विकास बेहद महत्वपूर्ण है।

उत्तर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था बेहतर प्रदर्शन कर रही है, लेकिन विशाल आबादी के चलते युवा पीढ़ी के भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए विशेष नीतियों की जरूरत है। राज्य सरकार ने 2022–23 शैक्षणिक सत्र के लिए सरकारी स्कूलों में 6 से 14 साल के बीच के दो करोड़ बच्चों को दाखिला दिलाने का लक्ष्य रखा था। जून 2022 तक, राज्य सरकार अपने लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ रही है, क्योंकि इसने 1.88 करोड़ बच्चों को सफलतापूर्वक नामांकित किया है, जो पूरे प्रदेश के 1.3 लाख स्कूलों में पढ़ रहे हैं।

उत्तर प्रदेश में शैक्षिक उपलब्धियों ने सीखने की गुणवत्ता में सुधार किया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 में दिए गए दूरगामी सुझावों के त्वरित कार्यान्वयन के साथ, सार्वजनिक और निजी, दोनों स्कूलों के विकास को सक्षम बनाने के लिए राज्य में स्कूल नीति को संतुलित किया जाना चाहिए। विविध प्रकार के कार्यबल तैयार करने के लिए कौशल और व्यावसायिक कार्यक्रमों और 12वीं के बाद उच्च शिक्षा जैसे विभिन्न विकल्पों के साथ मानव पूंजी विकास में सुधार के लिए अब 12वीं तक शिक्षा अनिवार्य कर दी जानी चाहिए। राज्य ने उच्च शिक्षा प्रणाली का काफी विकास किया है।

राज्य हर साल करीब 16 लाख स्नातक तैयार करता है, जिनमें से आधे से अधिक महिलाएं हैं। प्रदेश का सकल नामांकन अनुपात 25.3 है, जो राष्ट्रीय औसत (27.1) के बिल्कुल करीब है और राज्य की विशाल आबादी को देखते हुए उल्लेखनीय है। उत्तर प्रदेश इस व्यापक उच्च शिक्षा प्रणाली का उपयोग सीखने के परिणामों और उद्योग के लिए तैयार स्नातकों को आगे बढ़ाने के लिए कर सकता है। राज्य को हर साल इन स्नातकों के लिए रोजगार सृजन पर भी ध्यान देना चाहिए। युवा पुरुष रोजगार के लिए पलायन कर रहे हैं, लेकिन अधिकांश स्नातक महिलाएं ऐसा नहीं कर सकतीं, जिससे कार्यबल में राज्य की भागीदारी घटती है। महिलाओं के बीच भारत के कम एलएफपीआर (श्रमबल भागीदारी दर) का एक प्रमुख कारण उत्तर प्रदेश में महिलाओं की उच्च स्नातक दर और उनके लिए व्हाइट कॉलर जॉब की न्यूनतम संभावनाएं हैं। राज्य में योग्य नौकरियों के सृजन से कार्यबल में बड़े पैमाने पर इस मानव पूंजी को शामिल करने में मदद मिलेगी।

बुनियादी ढांचे के विकास के साथ उत्तर प्रदेश पूरे क्षेत्र में सामाजिक–आर्थिक विकास को चलाने के लिए चीनी मॉडल का अनुसरण कर सकता है। इससे निर्माण क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। हाल ही में तैयार पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे और गंगा एक्सप्रेस–वे (जिस पर काम चल रहा है) और मौजूदा व्यापक सड़क नेटवर्क–सभी सही दिशा में हैं। नया जेवर हवाई अड्डा एक बार पूरी तरह तैयार हो जाने के बाद राज्य और क्षेत्र यात्रियों और मालवाहक विमानों, दोनों के लिए एक वैश्विक केंद्र में तब्दील हो जाएगा। सफाई परियोजनाओं के साथ गंगा नदी को केंद्रीय जलमार्ग के रूप में विकसित किया जा सकता है।

राज्य में स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को भी मजबूत किया जा रहा है। अधिक मेडिकल कॉलेज आने से नागरिकों को आपात चिकित्सा के लिए राज्य से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उत्तर प्रदेश भारतीय सभ्यता का उद्गम और असंख्य विरासत स्थलों वाला राज्य है। मथुरा, अयोध्या और वाराणसी को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण पूरा होने पर इस क्षेत्र को भारी बढ़ावा मिलेगा, क्योंकि यह वैश्विक स्तर पर 1.2 अरब हिंदू श्रद्धालुओं को आकर्षित करेगा। श्रम प्रधान उद्योगों में कपड़ा क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं। वित्त वर्ष 2022 के आंकड़ों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश से निर्यात होने वाले सामान में कपड़ाध्परिधान की हिस्सेदारी नौ फीसदी यानी 12,996 करोड़ रुपये थी। इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रिकल उत्पादों के बाद, राज्य से निर्यात किए जाने वाले उत्पादों की सूची में परिधान तीसरे स्थान पर हैं।

इस बीच, नोएडा भारत का सबसे प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक निर्यात केंद्र बन रहा है। श्रम प्रधान उद्योगों को घरेलू उपयोग एवं निर्यात के लिए बड़े पैमाने पर उपभोक्ता वस्तुओं के निर्माण की आवश्यकता होती है, और यह विशिष्ट उद्योगों के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार मुहैया कराता है। इससे पता चलता है कि उत्तर प्रदेश को गहन शोध, बौद्धिक संपदा सृजन और उत्कृष्टता केंद्रों, अनुदान, अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं तथा विनिर्माण सुविधाओं के साथ विशिष्ट कार्यबल तैयार करने के लिए निवेश खातिर अगले पांच वर्षों में 10,000 करोड़ रुपये का निवेश पूल बनाना होगा। इस निवेश से अगले दशक में बड़े पैमाने पर उत्पादन और विकास होगा। राज्य राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के करीब विशिष्ट औद्योगिक आधार तैयार कर सकता है और वहां उपलब्ध बेहतर बुनियादी ढांचे और मानव पूंजी का लाभ उठा सकता है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## 25 वर्षों से लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष सरदार राजेंद्र सिंह बग्गा के 82 वें जन्मदिन पर बधाई देने वालों का लगा तांता

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सिमरन साधना परिवार ने नाम सिमरन कर एवं मुख्य ग्रंथी ने अरदास कर सेवा एवम् सद्भाव की प्रति मूर्ति राजेन्द्र सिंह बग्गा के 82 वे जन्मदिन पर उनकी दीर्घायु की कामना की। उत्कृष्ट उपलब्धियों को अनुकरणीय मानते हुए तत्कालीन राज्यपाल ने 2016 में गोल्डन एज अवार्ड से किया अलंकृत लखनऊ गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी एवम् ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरू नानक देव जी,नाका हिंडोला के अध्यक्ष स.राजेन्द्र सिंह बग्गा के 82 वे जन्म दिन पर गुरुद्वारा नाका हिंडोला में श्रीमती ज्योति मक्कड़ के निर्देशन में सिमरन साधना परिवार के बच्चों ने अमृत वेला नाम सिमरन कर एवम् गुरुद्वारा साहिब के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी सुखदेव सिंह जी ने अरदास कर सेवा व सद्भाव की प्रतिमूर्ति स.राजेन्द्र सिंह बग्गा की दीर्घायु की कामना की। स.राजेन्द्र सिंह बग्गा ने ष्मेरा मुझ में कुछ नहीं जो किछ है सो तेरा ष के माध्यम से परम पिता परमेश्वर का शुक्रिया अदा किया। अपना 82 वां जन्म दिन मना रहे श्री बग्गा जी का जीवन वास्तव में किसी खुली किताब से कम नहीं है। विगत 40 वर्षों से अधिक से उम्र के 82 वे वर्ष में भी सर्वधर्म सद्भाव एवं जन सेवार्थ कार्यों के हर मंच पर आपकी उपस्थिति ही न केवल आपकी पहचान है बल्कि सभी के लिए एक प्रेरणा रहती है। श्री बग्गा जी का मानना है कि ष्तुम गरीबों की सुनो वो तुम्हारी सुनेगाष यही कारण है कि चाहे वह देश का स्वच्छता अभियान,वृक्षारोपण अभियान हो या फिर कोरोना महामारी का भयावह दौर रहा हो, आपने अपनी उम्र व स्वास्थ्य की परवाह किए बिना गरीबों एवं जरूरतमंदों की लंगर वितरण के माध्यम से सेवा की। इस दौरान आप स्वयं भी कोरोना वायरस की चपेट में आए लेकिन स्वस्थ होने के तुरंत बाद पुनरूसेवा कार्य में लगकर निस्वार्थ सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। श्री बग्गा का मानना है कि लोगों की दुआओं एवम् उनके स्नेह के कारण ही जीवन के हर मुश्किल क्षण में परमपिता स्वयं उनकी रक्षा करते हैं। यह सभी की दुआओं का ही असर था कि उन्होंने लगभग 19 वर्ष पहले कैंसर को भी मात दी एवम् निरंतर जनसेवा के कार्य में लगे हैं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा कर उन्हें आंतरिक खुशी मिलती है। बग्गा का



कहना है कि क्या करेगा प्यार वो भगवान को, क्या करेगा प्यार वो इंसान को, जन्म लेकर गोद में इंसान की, कर न सका प्यार जो इंसान को ष यही कारण है कि आज भी सर्वधर्म, समभाव एवम् सामाजिक कार्यों के क्षेत्र में आप सभी के लिए एक प्रेरणा हैं।आपने लॉयंस क्लब के अध्यक्ष पद पर रहते हुए एक हजार से अधिक गरीब व निराश्रितों का निःशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराकर, लखनऊ गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी एवम् ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरू नानक देव जी नाका हिंडोला के अध्यक्ष पद परअपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए कोरोना कालखंड में लंगर वितरण में सहयोग कर एवम् उसके बाद विगत 14 जून 2021 से गुरुद्वारा नाका हिंडोला में वैक्सीनेशन कैंप लगवाकर ष्मानस की जात सभै एकरू पहचानबो ष का संदेश दिया। गुरुद्वारा साहिब में वैक्सीनेशन कैंप आज भी जारी है। यहां अब तक एक लाख से अधिक लोगों को वैक्सीन की डोज लग चुकी है एवम् वर्तमान में बूस्टर डोज भी लगाई जा रही है। श्री बग्गा जी ने इसका श्रेय गुरुद्वारा पदाधिकारियों के टीम वर्क को दिया है। आपके सार्वजनिक जीवन की उत्कृष्ट उपलब्धियों, कृतित्व, व्यक्तित्व, सामाजिक सहकार, प्रेरणा,प्रबोधान व योगदान को अनुकरणीय मानते हुए तत्कालीन राज्यपाल राम नाईक ने 2016 में आपको गोल्डन एज अवार्ड से अलंकृत कर न केवल आपको सम्मानित किया बल्कि आपके द्वारा राजकीय बालग्रहों और ब्रद्धा आश्रमों में कराए गए लंगर वितरण की भी सराहना की थी। विगत 27 वर्षों से ऐतिहासिक गुरुद्वारा नाका हिंडोला एवं 25 वर्षों से लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष पद पर तथा 22 वर्षों से चारबाग स्थित खालसा इंटर कॉलेज के प्रबन्धक पद पर सुशोभित होकर जन सेवार्थ कार्यों में लगे हैं। श्री बग्गा जी ने युवाओं को निस्वार्थ सेवा कार्य करने, मेहनत करने व ईमानदारी के पथ पर चलने का संदेश दिया।

## सदस्य विधान परिषद भाजपा सुलतानपुर द्वारा विश्व युवा कौशल दिवस–2022 का फीता काटकर किया गया शुभारम्भ

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मत्रांलय, भारत सरकार, प्रशिक्षण महानिदेशालय, कौशल भवन, करोल बाग, नई दिल्ली एवं प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार नोडल राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, में विश्व युवा कौशल दिवस–2022 का आयोजन हर्षोलास के साथ परिसर में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माननीय सदस्य, विधान परिषद, (भा0ज0पा0) शैलेन्द्र प्रताप सिंह तथा प्रधानाचार्य अरूण कुमार द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया तथा प्रशिक्षार्थियो द्वारा लगाये गये स्टालो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय प्रशिक्षार्थियों के द्वारा तैयार किये गये विभिन्न माडलों पर प्रसन्नता व्यक्त किये तथा उनके कौशल की सराहना की गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ माननीय मुख्य अतिथि तथा अन्य अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती जी की प्रतिमा पर मार्ल्यापण किया गया। कार्यक्रम में अखित भारतीय व्यवसायिक परीक्षा में गत वर्ष विभिन्न व्यवसायों के प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले रा0औ0प्रशि0 संस्थान, , कादीपुर एवं लम्भुआ के कुल 61 प्रशिक्षार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया। उक्त अवसर पर जनपद के विभिन्न प्रतिष्ठानों में शिशिक्षु प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 15 शिशिक्षुओं को अनुबन्ध–पत्र एवं कौशल विकास उत्तीर्ण 05 प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण–पत्र वितरित किया गया तथा जनपद सुलतानपुर में अप्रेन्टिस प्रशिक्षण प्रदान करने वाले प्रमुख 08 प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों को प्रशस्ति–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। संस्थान के ब्राण्ड अम्बेस्डर अमित मिश्रा, ग्रुप सर्विस जी0एम0 यूनिक ऑटो सेल्स, सुलतानपुर को प्रशस्ति–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अमित मिश्रा, ब्राण्ड अम्बेस्डर द्वारा संस्थान के प्रशिक्षणरत प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण में मन लगाकर कार्य करने की आदत विकसित करने हेतु प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि श्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा कौशल विकास एवं व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में गत वर्षो में भारत सरकार एवं उ0प्र0 सरकार द्वारा किये गये कार्यो को आगे बढ़ाने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उत्साहित किया गया तथा कौशल विकास के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यो की सराहना की गयी। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यवृत्तियों की मुख्य अतिथि द्वारा प्रशंसा की गयी, जिसके माध्यम से अल्पशिक्षित एवं आर्थिक पिछड़े वर्गो से नवयुवक एवं नवयुवतियों को विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण प्राप्त होता है, जिससे वह अपने परिवार तथा राष्ट्र के विकास में भी भागीदार होते है।अन्त में प्रधानाचार्य, अरूण कुमार द्वारा मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए संस्थान के समस्त प्रशिक्षार्थियों को अपने व्यवसाय में पूर्ण लगन एवं मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु उत्साहित किया तथा आई0टी0आई0 चलो अभियान के अन्तर्गत संस्थान में ज्यादा से ज्यादा प्रवेश हो इस हेतु प्रचार–प्रसार हेतु दिशा–निर्देश दिया गया। इस अवसर पर आर0के0 अग्निहोत्री, कार्यदेशक रामकिशोर, कार्यदेशक, एम0पी0सिंह, कार्यदेशक, विनोद कुमार वर्मा, कार्यदेशक, धवल प्रकाश तिवारी, कार्यदेशक, ओंकार नाथ तिवारी, प्रबंधक, कौ0वि0मि0, मीत एसोसिएट प्रा0लि0, रतन दीप मोटर्स, मिश्रा सर्विस सेंटर, कौशल इलेक्ट्रानिक्स तथा साहू इण्डस्ट्रीज के प्रतिनिधि तथा रा0औ0प्रशि0संस्थान, कादीपुर एवं लम्भुआ के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## जन्मदिवस पर पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरदोई ब्यूरो (अम्बरीष कुमार सक्सेना) : भाजयुमो मीडिया प्रभारी सौनक कैथवार के जन्म दिवस के मौके पर कस्बा पिहानी के भाजपा कार्यकर्ताओं ने कोतवाल बेनी माधव के साथ कोतवाली परिसर में पौधारोपण किया। युवाओं की ओर से पर्यावरण संरक्षण मुहिम के तहत पौधारोपण किया गया। इस दौरान युवाओं की ओर से मुहिम के अरुण सेठ के नेतृत्व में भाजपा नगर अध्यक्ष आदर्श सिंह, , नीरज सिंह, रितेश सिंह, रामदास कटियार, विपिन मिश्रा, राम सिंह कुशवाहा, दिनेश सिंह अर्कवंशी, शानू रस्तोगी, रवि गुप्ता, मनीष शर्मा, अर्जुन वाल्मीकि,गौरव गुप्ता, विवेक शास्त्री, प्रदीप अवस्थी,गुड्डू राठौर, जन्म दिवस के अवसर पर पौधारोपण किया। इस अवसर पर कोतवाल बेनी माधव त्रिपाठी ने कहा कि पेड़–पौधों की कमी से निरंतर पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है। कहा कि हम सभी का फर्ज बनता है कि पृथ्वी की



खूबसूरती को बनाए रखने में अपना योगदान दें। उन्होंने युवाओं को अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की।उन्होंने कहा कि हमें अपने किसी भी शुभकार्य की शुरूआत पौधारोपण के साथ करनी चाहिए। इससे हमें प्रकृति का आशीर्वाद मिलता है। उन्होंने लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करने की अपील की।

## आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सिंह की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

सीतापुर ब्यूरो अजय सिंह : खैराबाद सीतापुर शुक्रवार को विशुन नगर चौराहा स्थित आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन के कार्यालय के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सिंह के द्वारा की गई। जिसमें जिले के समस्त ब्लॉकों से आए हुए दिव्यांग जन उपस्थित रहे। जिसमें काफी दिव्यांगजनो की समस्या थी। उस समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया । राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सिंह के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सरकार व संगठन की समस्त योजनाओं को ब्लॉक पर टीम के माध्यम से हर दिव्यांग जन तक पहुंचाने के साथ–साथ जागरूकता अभियान का कार्य आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन के द्वारा किया जाएगा जिसमें प्रदेश की पूरी टीम के माध्यम से



उत्तर प्रदेश के सभी जिलों पर संगठन प्रदर्शन व प्रचार प्रसार करने के लिए तैयार है । उसके साथ में राष्ट्रीय सचिव बिंदू मौर्या बैठक को संबोधित करके पुरी टीम को कार्य करने के साथ साथ निर्देश व सुझाव दिए, कोषाध्यक्ष विजयपाल, शिवपाल, सुशील कुमार, विजय गौतम, हरिलाल, विमलेश, अमीर अहमद, राधेश्याम, उमेश कुमार,रिंकू,अनुज, गुड्डू, अनूप कुमार आदि सदस्य व पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## युवा वाहिनी पार्टी की घोषणा ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोचार एवं शंखनाद से हुई प्रारंभ

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊ : राजधानी लखनऊ के एक होटल में युवा वाहिनी पार्टी का गठन कर इसकी औपचारिक घोषणा की गयी। कार्यक्रम की शुरूआत युवा वाहिनी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुभव शुक्ला के द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर हुयी। इसके बाद प्रमुख ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोचार एवं शंखनाद से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कई कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुभव शुक्ला को फूल माला एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत, अभिनन्दन किया गया। साथ ही पार्टी के गठन की बधाई दी। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि गत लगभग 20 वर्षों से उत्तर प्रदेश के किसानों, नौजवानों, बेरोजगारो, महिलाओं, व्यापारियों एवं उत्तर प्रदेश में कार्यरत लगभग 40 लाख संविदा कर्मियों के हक और सम्मान की लड़ाई संगठनात्मक रूप से लड़ते आ रहे थे। जिसमें बहुत सारी समस्याओं का निस्तारण शासन एवं सरकार के माध्यम से कराया जाता रहा है। परन्तु उत्तर प्रदेश के जनहित के लिये अब यह आभास हुआ है कि बड़े पैमाने पर उभर रही शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं आम आदमी की समस्याओं को दूर करने के लिये समाज के शिक्षित नवयुवक, सामाजिक सेवा करने वाले लोगों को लोकतांत्रिक पदों पर पहुंचना आवश्यक है जो कि आमजन की राजनीतिक पार्टियों में बिल्कुल भी



दिखायी नहीं देता है। समाज के स्वच्छ छवि, राष्ट्रवादी विचारधारा के लोगों को साथ लाकर अपने संगठन के सभी पदाधिकारियों के विचारोपरान्त युवा वाहिनी पार्टी का गठन किया गया है जिसकी आज औपचारिक रूप से घोषणा की जा रही है। आगे उन्होने कहा कि इस पार्टी में विद्वान, लेखक, प्रोफेसर, अवकाश प्राप्त अध्यापक, वरिष्ठ अधिवक्ता, चिकित्सक एवं अवकाश प्राप्त प्रशासनिक अधिकारी सहित उत्तर प्रदेश के लाखों समाजसेवी नौजवानों को साथ लेकर पार्टी को विस्तार किया जायेगा एवं जन कल्याणकारी मुद्दों पर जनता के साथ मिलकर समाज में संघर्ष किया जायेगा। अनुभव शुक्ला के द्वारा पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करते हुये समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से प्राथमिक सदस्यता लेकर पूरे प्रदेश में अभियान चलाकर पार्टी की विचारधारा से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर पार्टी के सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा का मिशन 2024 : 270 कमजोर बूथों को संजोने में जुटी पार्टी


सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी अभी से तैयारियों में जुट गई है.बूथ सशक्तिकरण अभियानश चलाकर बीजेपी जिले के 270 कमजोर बूथों को मजबूती देने में जुटी है।जहां पर भी बीजेपी के बूथ कमजोर है, वहां उन कमियां दूर करने के लिए पार्टी के कार्यकर्ता लग गए हैं. प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के 270 कमजोर बूथों में से 120 बूथों को मजबूत करने की जिम्मेदारी सांसद एवं 30 कार्यकर्ताओं को की टीम को दी गई है।वहीं पर विधायकों व एमएलसी को 30–30 बूथ को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विधायकों व एमएलसी के साथ मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री सहित 10 –10 कार्यकर्ताओं की टीम लगाई गई है। इसौली विधानसभा में एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कमजोर 30 बूथों पर जिला मंत्री आशीष सिंह रानू,मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रहरी, प्रदीप पांडे, रामबहादुर सिंह, नंदलाल पाल एवं महावीर श्रीवास्तव की उपस्थित में बैठक की।वहीं पूर्व मंत्री व शहर विधायक विनोद सिंह ने 30 बूथों पर नगर अध्यक्ष आकाश जायसवाल, मनोज श्रीवास्तव, राम अभिलाख सिंह, सुभाष वर्मा एवं संदीप तिवारी के साथ समीक्षा बैठक की और बूथ जीतने की रणनीति को अंतिम रूप दिया।कादीपुर विधायक राजेश गौतम ने 30 में से 15 बूथों,सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने 30 वोटों में से 24 बूथों पर ,लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा ने 30 बूथों में से 19 बूथों पर जाकर समीक्षा बैठक की और और बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत हारे हुए बूथों का कारण पता किया और आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में उन बूथों को कैसे जीतेंगे उसकी रणनीति बनाई गई। पूर्व जिला महामंत्री शशिकांत पांडे ने सदर विधानसभा के बूथ संख्या 45 दर्जीपुर एवं बूथ नंबर 1 जोगीपुर देवदासपुर में बैठक कर बूथ जीतने की रणनीति को अंतिम रूप दिया।इस दौरान कार्यकर्ता लाभार्थियों की सूची भी तैयार कर रहे हैं।यह सारी जानकारी पार्टी द्वारा बनाए गए सरल ऐप के माध्यम से प्रदेश एवं दिल्ली नेतृत्व को सीधे भेजी जा रही है।

## फर्जी दस्तावेज लगाकर हासिल की शिक्षक की नौकरी : रिपोर्ट दर्ज

हरदोई ब्यूरो (अम्बरीष कुमार सक्सेना) : सरकार से धोखाधड़ी कर शिक्षक की नौकरी हासिल करने वाले के खिलाफ धारा 419/420/467/468/471 के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। टड़ियावां पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी है। बताया गया है कि कोतवाली शहर के राधानगर बिलग्राम चुंगी निवासी मंशाराम पुत्र रामलखन ने शाहजहांपुर जिले में बेसिक शिक्षा महकमें में शिक्षक की नौकरी हासिल की थी। वहां पुवायां ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय बिल्सिया दौलतपुर में सहायक अध्यापक के तौर पर तैनाती हुई थी। बीएसए शाहजहांपुर ने मंशाराम को 30 दिसंबर 2016 में हरदोई जिले के लिए कार्यमुक्त किया था। उसके अगले दिन 31 दिसंबर 2016 को टड़ियावां ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय टड़ियावां में कार्यभार ग्रहण किया था। टड़ियावां के बीईओ शिव सिंह ने टड़ियावां पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि मंशाराम ने दस्तावेजों में धोखाधड़ी कर नौकरी हासिल की,जोकि नियमावली 1981 का खुला उल्लंघन है। पुलिस ने बीईओ श्री सिंह की तहरीर पर धारा 419/420/467/468/471 के तहत रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच–पड़ताल शुरू कर दी है।

## तहसील दिवस में बुजुर्ग फरियादी हाथ जोड़कर बोला साहब मैं जिंदा हूं : यह बात सुनकर अधिकारियों के उड़े होश

हरदोई ब्यूरो (अम्बरीष कुमार सक्सेना) : शाहाबाद तहसील में लेखपाल की लापरवाही ने एक बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया बुजुर्ग फरियाद लेकर समाधान दिवस में पहुंचा और अधिकारियों से बोला कि साहब मैं जिंदा हूं यह बात सुनकर अधिकारियों के उड़े होश। शाहाबाद तहसील के ग्राम गोरिया निवासी महाराज सिंह पुत्र गुरबचन सिंह आज तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र लेकर पहुंचे और अधिकारियों के सामने हाथ जोड़कर बोले कि साहब मैं जिंदा हूं महाराज सिंह पुत्र गुरुबख्श सिह ने बताया है कि लेखपाल के द्वारा उनको मृतक दिखाकर विरासत से नाम गायब कर दिया गया।महाराज सिंह ने बताया है कि वह इससे पहले भी अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं लेकिन कोई भी सुनवाई नहीं हुई। जब आज वह तहसील दिवस में बैठे अधिकारियों के सामने पहुंचा और हाथ जोड़कर बोला कि साहब मैं जिंदा हूं यह बात सुनकर उप जिला अधिकारी धीरेन्द् श्रीवास्तव,तहसीलदार नरेन्द व कुमार



तहसील दिवस में बैठे हुए समस्त अधिकारियों के होश उड़ गए। जिसके बाद तहसीलदार ने कार्रवाई की बात कही है। अब इस पूरे मामले की जानकारी जब उप जिला अधिकारी से लेनी चाही तो उन्होंने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि मामला संज्ञान में नहीं है जबकि वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि उप जिला अधिकारी के सामने बुजुर्ग फरियादी हाथ जोड़कर फरियाद कर रहा है।

## सुल्तानपुर कोतवाली में महिला कॉन्स्टेबल ने तिलोई कोतवाली इंस्पेक्टर के खिलाफ दर्ज कराया रेप का केस

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या रेंज के सुल्तानपुर जिले में सुल्तानपुर कोतवाली नगर में एक महिला सिपाही ने अमेठी जिले के तिलोई कोतवाली इंस्पेक्टर के खिलाफ रेप का केस दर्ज कराया। जिसके चलते कोतवाल के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद महकमे में हड़कंप मच गया है।वही इस संबंध मे सूत्रों का कहना है कि लेनदेन के मामले में बात बिगड़ जाने के उपरांत महिला सिपाही ने पेचबंदी में यह कदम उठाया है। इस मामले में सीओ सिटी डॉ. राघवेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि केस दर्जकर कोतवाली पुलिस विवेचना कर रही है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में एसपी ऑफिस में तैनात एक महिला कॉन्स्टेबल ने अमेठी जनपद के तिलोई कोतवाली के इंचार्ज निशु तोमर के विरुद्ध शुक्रवार को सुल्तानपुर कोतवाली नगर में रेप का केस दर्ज कराया है।जिसके चलते कोतवाल के खिलाफ पुलिस ने आधा दर्जन और संगीन धाराएं भी लगाकर विवेचना शुरू कर दिया है। इस संबंध में यह भी बताया जा रहा है कि घटना उस समय की है जब कोतवाल निशु तोमर सुल्तानपुर में तैनात थे।उधर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाल निशु तोमर से महिला




कॉन्स्टेबल ने करीब 5 लाख रुपए लिए थे। जिसकी वापसी को लेकर दोनों में विवाद शुरू हो गया था। सूत्रों के अनुसार करीब 3 महीने पहले कोतवाल ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और महिला कॉन्स्टेबल के खिलाफ केस दर्ज कराने की अर्जी दिया। इसकी भनक जब महिला कॉन्स्टेबल को लगी तो उसने पेचबंदी में कोतवाल के खिलाफ आज केस दर्ज कराकर मामले में नया मोड़ ला दिया है।इस पूरे मामले में सीओ सिटी डॉ. राघवेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि इस संबंध में कोतवाली नगर में महिला कॉन्स्टेबल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर किया गया है।हर पहलू पर पुलिस जांच कर रही है। इसके बाद कार्यवाही की जाएगी।

## सहायक प्राध्यापक के निलंबन पर उच्च न्यायालय ने लगाई रोक : कुलपति के निलंबन आदेश को न्यायालय ने माना अनाधिकार चेष्टा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में कार्यरत दो शिक्षकों के बीच हुई हाथापाई के बाद एक तरफा कार्यवाही करते हुए सहायक प्राध्यापक डॉ रमेश प्रताप सिंह को निलंबित किए जाने के मामले में आखिरकार उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ ने निलंबन आदेश सहित कुलपति द्वारा उनके विरुद्ध गठित की गई जांच कमेटी की कार्यवाही पर स्थगन आदेश पारित कर दिया है। इस संबंध में उच्च न्यायालय ने कार्यालय अवधि समाप्त होने के उपरांत बैंक भवन में दो शिक्षकों के बीच हाथापाई के मामले में कुलपति का हस्तक्षेप अवैध माना है। वहीं दूसरी तरफ उच्च न्यायालय द्वारा सहायक प्राध्यापक के निलंबन आदेश को स्थगित किए जाने की जानकारी के बाद विश्वविद्यालय कर्मचारियों में खुशी का माहौल छा गया है। विश्वविद्यालय कर्मियों ने खुशी में मिठाइयां बांटी और गोले भी दागे।बताते चलें कि बीते 16 जून की देर शाम कार्यालय बंद होने के उपरांत विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ डी नियोगी एवं सहायक प्राध्यापक डॉ रमेश प्रताप सिंह के बीच भारतीय स्टेट बैंक ब्रांच पिठला के शाखा प्रबंधक कक्ष में सहायक प्राध्यापक डॉ रमेश प्रताप सिंह के विरुद्ध प्रचलित दूसरी जांच को लेकर कहासुनी हो रही थी कि देखते ही देखते दोनों लोगों में हाथापाई हो गई थी। दोनों शिक्षकों ने परस्पर आरोप–प्रत्यारोप लगाते हुए मुकदमा कायम किए जाने के संबंध में कुमारगंज पुलिस को तहरीर भी दे दिया था। मामले में कुमारगंज पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर क्रास में मुकदमा दर्ज कर लिया था।उधर विश्वविद्यालय के कुलपति ने घटना के तुरंत बाद विश्वविद्यालय के कुछ लोगों के साथ बैठक कर एक तरफा कार्यवाही करते हुए हाथापाई में शामिल सहायक प्राध्यापक डॉ रमेश



प्रताप सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित किए जाने एवं उन्हें आजमगढ़ महाविद्यालय कोटवा से संबद्ध किए जाने का आदेश दे दिया था।यही नहीं कुलपति ने प्रकरण में एक जांच कमेटी भी गठित कर दी थी। इस जांच कमेटी द्वारा आनन–फानन में निलंबित सहायक प्राध्यापक को आरोप पत्र भी जारी कर दिया गया था। वही कुलपति की एक तरफा कार्यवाही से आहत निलंबित सहायक प्राध्यापक ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। जहां उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पंकज भाटिया ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता विभु भूषण कालिया एवं वरिष्ठ अधिवक्ता एस के कालिया की दलीलों के सुनने के उपरांत कुलपति द्वारा की गई निलंबन कार्यवाही को पूरी तरह से अवैध माना और कहा कि सहायक प्राध्यापक का नियुक्ति प्राधिकारी प्रबंध परिषद होता है न्यायालय ने घटना को भारतीय स्टेट बैंक शाखा भवन के अंदर कारित होने के चलते विश्वविद्यालय के कुलपति के क्षेत्राधिकार से पृथक माना है। उच्च न्यायालय ने मामले में कुलपति द्वारा गठित की गई जांच कमेटी एवं निलंबन कार्यवाही को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया है इसके साथ ही 3 सप्ताह के अंदर विश्वविद्यालय प्रशासन से जवाब भी मांग लिया है।

## किसानों द्वारा एसडीएम सदर को प्रार्थना पत्र देकर चकरोड से खम्भा टावर हटाने की मांग

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सदर तहसील क्षेत्र के शिवदासपुर गांव में एक चकरोड पर बिजली खंभा टावर लग रहा है जिससे दर्जनों किसान अपने खेत पर नहीं जा सकेंगे और सैकड़ों बीघा खेत की जुताई बुवाई नहीं हो सकेगी जिसको लेकर ग्रामीणों ने दर्जनों हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र उप जिलाधिकारी को देकर उसे चकरोड से खंभा टावर हटवाने की मांग की है मांग पूरी न होने पर तहसील मुख्यालय पर आमरण अनशन करने की धमकी दी है।बिजली हाईटेंशन तार वाला बिजली खंभा टावर शिवदासपुर गांव की एक चकरोड लग रहा है उस चकरोड से लगभग 500 बीघा खेत जान जाने के लिए दर्जनों किसानों को जाना पड़ता है लेकिन चकरोड पर खंभा टावर लग जाने के कारण किसान अब ट्रैक्टर लेकर खेत पर नहीं जा सकेंगे जिससे खेत की जुताई बुवाई नहीं कर सकेंगे। शुक्रवार को ग्रामीण व पूर्व प्रधान लाल बहादुर शुक्ला ,जगदंबा प्रसाद वर्मा, फूलचंद वर्मा, माधव प्रसाद वर्मा ,प्रेमचंद वर्मा, शिवम वर्मा, घनश्याम, राम मूरत, आत्माराम, मुरली वर्मा, आयुष वर्मा, अनुराग वर्मा सहित दर्जनों किसानों ने उप जिलाधिकारी सदर को प्रार्थना पत्र देकर चकरोड से खंभा टावर हटवाने की मांग की जिससे किसान अपने खेतों को जा सके किसानों ने यह भी चेतावनी दी है कि अगर रास्ते से खंभा टावर नहीं हटा तो हम लोग खेत की बुवाई न करके तहसील मुख्यालय सदर पर सामूहिक आमरण अनशन करेंगे।

## अधिवक्ता एसडीएम आमने सामने : सभी न्यायलय का किया बहिस्कार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मामूली से बात को लेकर रुदौली तहसील के अधिवक्ताओं ने एसडीएम के खिलाफ किया नारेबाजी और बैठक करे हुए अभी न्यायालय के कार्य बहिस्कर की घोषणा किया ही। बताया जाता है एसडीएम से अधिवक्ताओं ने कुछ मुद्दों पर बात रखी थी और उसके लिए प्रस्ताव भेजा था जिसे एसडीएम ने नही माना उसके बाद दोनो पक्ष आमने सामने हो गए। इस समय लगभग सभी तहसीलों में नए एसडीएम तैनात किए गए है जिसके कारण अनुभव की कमी और धैर्यता की भी बात हो सकती है। से अधिवक्ताओं ने कुछ मुद्दों पर बात रखी थी और उसके लिए प्रस्ताव भेजा था जिसे एसडीएम ने नही माना उसके बाद दोनो पक्ष आमने सामने हो गए। इस समय लगभग सभी तहसीलों में नए एसडीएम तैनात किए गए है जिसके कारण अनुभव की कमी और धैर्यता की भी बात हो सकती है। से अधिवक्ताओं ने कुछ मुद्दों पर बात रखी थी और उसके लिए प्रस्ताव भेजा था जिसे एसडीएम ने नही माना उसके बाद दोनो पक्ष आमने सामने हो गए। इस समय लगभग सभी तहसीलों में नए एसडीएम तैनात किए गए है जिसके कारण अनुभव की कमी और धैर्यता की भी बात हो सकती है। से अधिवक्ताओं ने कुछ मुद्दों पर बात रखी थी और उसके लिए प्रस्ताव भेजा था जिसे एसडीएम ने नही माना उसके बाद दोनो पक्ष आमने सामने हो गए। इस समय लगभग सभी तहसीलों में नए एसडीएम तैनात किए गए है जिसके कारण अनुभव की कमी और धैर्यता की भी बात हो सकती है।

## अयोध्या विकास प्राधिकरण की 82वीं बोर्ड की बैठक हुई सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मण्डलायुक्त नवदीप रिनवा की अध्यक्षता में शुक्रवार शाम अयोध्या विकास प्राधिकरण की 82वीं बोर्ड की बैठक प्राधिकरण के सभागार में हुई। मंडलायुक्त ने कहा कि अयोध्या महायोजना 2031 के लिए तैयार किये जा रहे सभी प्रस्तावों को शासन की मंशा के अनुरूप तैयार किया जाय। जो प्रस्ताव पूर्व में अनुमोदित किये गये है उनको भी गुणवत्ता का ध्यान रखते हुये सम्पादित कराया जाय। महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा सड़क मार्गों का प्रस्ताव जो तैयार किया जाय उसमें सभी सड़कें एक मानक के अनुसार रहें। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने कहा कि विकास प्राधिकरण द्वारा यह ध्यान रखा जाय कि लोगों द्वारा सड़क की सीमा में जो निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं उन पर प्रभावी कार्रवाई करें व भविष्य में कोई निर्माण कार्य न कराया जाय यह भी सुनिश्चित करें।

## अयोध्या में चौड़ीकरण को लेकर दुकानों पर चलने लगा बुल्डोजर : व्यापारियों ने लगाई गुहार सावन मेले तक रोक दे कार्यवाही

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राम नगरी अयोध्या में सड़क चौड़ीकरण को लेकर 3 दिन पूर्व दुकानों को गिराए जाने के लिए बजे सायरन के बाद दुकानों पर बुलडोजर की कार्यवाही शुरू होते ही व्यापारियों की धड़कन तेज हो गई है। बड़ी मात्रा में सुरक्षाबलों के बीच जिला प्रशासन ने कुछ खाली दुकानों को गिराए जाने की कार्रवाई शुरू करते हुए कहा कि जिन व्यापारियों व भवन स्वामियों को मुआवजे की रकम व अन्य कार्रवाई पूरी कर ली गई है वह जल्द से जल्द खाली कर दें। तो वहीं व्यापारियों ने मेले भर का समय मांगते हुए इस कार्रवाई को रोकने की मांग की है। कार्यवाही अयोध्या के श्रृंगार हाट से लेकर राम जन्मभूमि तक जाने वाले मार्ग को 14 मीटर चौड़ा किया जाना है जिसके कारण लगभग 350 दुकाने प्रभावित हो रहे हैं। इन दुकानों में लगभग 200 दुकान ऐसे भी है जिनका पूरा दुकान समाप्त हो रहा है तो वहीं डेढ़ सौ दुकानदारों के पीछे बचे जगहों पर उन्हें शिफ्ट होने के लिए मुवाबजे के बाद निर्देशित किया जा चुका है।

## फैजाबाद अधिवक्ता संघ चुनाव के लिए प्रक्रिया हुई शुरू : 23 पदाधिकारियों ने भरे पर्चे

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) फैजाबाद अधिवक्ता संघ के चुनाव के लिए शुक्रवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष एआरओ राजीव पांडे और मंत्री किशन कुमार पटेल ने संयुक्त रूप से बताया कि पहले दिन 23 पदाधिकारियों ने नामांकन पत्र भरे हैं। अध्यक्ष पद के लिए कालिका प्रसाद मिश्र, राघवेंद्र प्रताप सिंह, अवधेश कुमार त्रिपाठी, अशोक कुमार पांडे, इंद्र प्रताप सिंह लल्ला और उपाध्यक्ष पद के लिए सुरेंद्र कुमार सिंह, महेंद्र कुमार दुबे, रामकुमार यादव, देवकीनंदन त्रिपाठी, महामंत्री विपिन कुमार मिश्र, सूर्य नारायण सिंह, संयुक्त मंत्री प्रथम प्रमोद शंकर पांडे, राजेश कुमार त्रिपाठी,संयुक्त मंत्री द्वितीय रविंद्र पांडे, जय प्रकाश पाल, कोषाध्यक्ष सुशील कुमार मिश्र, विकास श्रीवास्तव, कार्यकारिणी ए में सलाउद्दीन, हरिनाथ सिंह व कार्यकारिणी बी में आशीष कुमार त्रिपाठी, रामप्रकाश और कार्यकारिणी सी में उपेंद्र कुमार मिश्र, बद्री प्रसाद यादव ने अपना नामांकन दाखिल किया।

## अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण से सभी श्रद्धालुओं की इच्छा पूरी हो रही है – आशीष पटेल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा राज्य मंत्री व अपना दल एस के नेता आशीष पटेल अयोध्या पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने सर्किट हाउस में पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस मौके पर मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि अपना दल यस लगातार 2014 से एनडीए का घटक है।जो एनडीए के साथ मजबूती के साथ खड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2024 में प्रदेश की 80 की 80 सीटें जीतेंगे।अपना दल लोक सभा चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।समाजवादी पार्टी के फॉर्चूनर विवाद पर आशीष पटेल ने कहा कि जो स्वार्थ का गठबंधन होता है जिसमें जनता का हित नहीं होता है उसका हश्र ऐसे ही होता है।राजनीतिक दलों को नसीहतध देते हुए कहा कि सभी पार्टियों को आगे आकर जनता के हित की बात करनी चाहिए। जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार जनहित में 24 घंटे में से 18 घंटे काम करते हैं और जनता के हित के लिए नई नई योजनाएं लाते रहते हैं उस तरह से काम करना चाहिए। स्वार्थ का गठबंधन बहुत दिनों तक नहीं चलता है।अयोध्या में चल रहे राम मंदिर निर्माण पर आशीष पटेल ने कहा कि भगवान श्री राम हमारी आस्था और पूजा का विषय है। श्रद्धा का विषय है। हम हमेशा उनके चरणों में शीश नवाता हू।

## एनएच 330 ए फोरलेन निर्माण में लापरवाही : बिना किसी सुरक्षा तैयारी के किया जा रहा पुल निर्माण

अयोध्या।(सवन कुमार नगर संवाददाता) जनपद के जगदीशपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 330 ए के निर्माण में मानकों को ताक पर रखकर सड़क निर्माण कार्य संस्था द्वारा की जा रही लापरवाही का मामला भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय अधिकारी दरबार जा पहुंचा है।नवसृजित नगर पंचायत कुमार के निवासी विनय कुमार गुप्ता ने सड़क निर्माण कार्य संस्था के विरुद्ध प्रेषित शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि एनएच 330 ए फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य सड़क निर्माण कार्य कंपनी पीएनसी द्वारा कराया जा रहा है।उक्त सड़क के निर्माण में कंपनी द्वारा तमाम लापरवाही बरतने के साथ ही साथ गुणवत्ता में भी भारी कमी की जा रही है। इस मौके पर शिकायतकर्ता का आरोप है कि जब भी किसी एनएच को चार लेन सड़क में परिवर्तित कर दिया जाता है, तो निर्माण कार्यदाई संस्था द्वारा नागरिकों के सुगम आवागमन एवं यातायात के शुभम संचालन हेतु एक पक्की सर्विस रोड की व्यवस्था दी जाती है। किंतु कंपनी द्वारा पूर्व में निर्मित सड़क को पूरी तरह से उखाड़ कर बड़े–बड़े बोल्डर एवं मिट्टी डाल दिया गया है जो कि लगभग 1 वर्ष से मिट्टी एवं बोल्डर ही है। जिसके चलते चार पहिया वाहनों की तो बात दूर दोपहिया वाहन चालकों को आवागमन में अत्यंत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस उबर खाबर रास्ते से वह कर जाने वाले तमाम लोग दिन प्रतिदिन चोटिल हो रहे हैं। यही नहीं कुमारगंज बाजार में ओवर ब्रिज निर्माण में भी भारी लापरवाही बरती जा रही है। ऊपर पुल का निर्माण बिना किसी सुरक्षा तैयारी के चल रहा है और नीचे पूर्ण आवागमन बिना किसी रोक–टोक के संचालित है ऊपर जब इलेक्ट्रिक बिल्डिंग का निर्माण कार्य होता है, तो उसके अंगारे राहगीरों पर गिरते रहते हैं। तमाम लोहे के टुकड़े अब तक कई लोगों के सिर पर भी गिर चुके हैं। साथ ही साथ पुल निर्माता श्रमिकों को सुरक्षा उपकरण भी नहीं उपलब्ध कराए गए। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। पीड़ित शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि पूर्व में भी उक्त प्रकरण को लेकर शिकायत की गई थी परंतु आप द्वारा उसका कोई संज्ञान नहीं लिया गया। जिसके चलते उक्त निर्माणाधीन मार्ग पर आवागमन करने वाले नागरिकों का जीवन अत्यंत कष्टकारी हो गया है।

## द न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर किया एक दिवसीय हड़ताल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) द न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के कर्मचारियों ने समस्त साधारण बीमा कर्मचारियों ने 2017 से लंबित वेतन वृद्धि को लेकर पूरे भारत मे एक दिन की हड़ताल की । इसी क्रम में अयोध्या के मंडल कार्यालय पर भी कर्मचारियों ने कार्यालय पर ताला लगा कर नारेबाजी की । बता दें कि बीमा कर्मचारियों का वेतन समझौता प्रति पांच वर्ष में बैंक और एलआईसी कर्मचारियों के साथ होता है लेकिन वर्तमान में साधारण बीमा कर्मचारी 2012 के वेतन स्तर पर कार्य कर रहे है जो न्याय संगत नही है । मंडल कार्यालय के सहायक लिपिक सुरेंद्र कुमार ने बताया की आज अपने समस्त कर्मचारियों के साथ कार्यालय को 1 दिन के लिए बंद किया क्योंकि वेतन वृद्धि को लेकर सरकार हमारी मांगे नहीं सुन रही है । बैंक और एलआईसी के साथ साथ हमारे कर्मचारियों के वेतन वृद्धि हो रही थी परंतु सरकार ने नहीं की । अगर हमारी मांगे नहीं पूरी होती तो हम समस्त कर्मचारियों के साथ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के बाध्य होंगे। अयोध्या कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी ओपी सिंह ने बताया की इतनी बढ़ती महंगाई में कर्मचारियों को इतने कम वेतन में परिवार चलाना मुश्किल है। इसलिए सरकार से हमारी माँग है जल्द जल्द हमारी मांगें पूरी करें नही हुई तो संस्था बड़ा आंदोलन करेगी।

## श्री राम चिकित्सालय के इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉ अश्वनी त्रिपाठी के ऊपर मरीज से बत्तमीजी व इलाज ना करने का आरोप

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) श्री राम चिकित्सालय के इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉ अश्वनी त्रिपाठी के ऊपर मरीज से बत्तमीजी व इलाज ना करने का आरोप।पीड़ित मरीज श्याम बिहारी ठाकुर ने लगाया आरोप। ब्लड प्रेशर व शुगर के बड़ जाने पर पीड़ित इलाज कराने पहुंचा था चिकित्सालय।इमरजेंसी में ड्यूटी कर रहे डॉ अश्वनी त्रिपाठी ने की पीड़ित मरीज से अभद्रता।बीमारी से अस्वस्थ होने के कारण सही कपड़े ना पहन कर जाने पर डॉ अश्वनी त्रिपाठी ने की अभद्रता।मामले में पीड़ित मरीज श्याम बिहारी ठाकुर ने मुख्यमंत्री योगी व स्वास्थ्य मंत्री को लिखित शिकायत अवगत कराने की कही बात।

## व्यापारियों को विस्थापित करने के पहले स्थापित करें– श्याम कृष्ण श्रीवास्तव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) समाजवादी पार्टी महानगर का एक प्रतिनिधिमंडल हरिद्वारी बाजार मैं व्यापारियों से मुलाकात कर व्यापारियों की समस्याओं से रूबरू हुए इस मौके पर व्यापारियों ने बताया पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा जी के सामने तय हुआ था कि दुकानदारों को बिना स्थापित किए विस्थापित नहीं किया जाएगा लेकिन अब सरकार वा स्थानीय प्रशासन अपने वादे से मुकर रहा है इस मौके पर महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि व्यापारी समाज को बहुत कम मुआवजा दिया जा रहा है व प्रशासन द्वारा दुकान बनवाने के लिए जो नक्शा दिया जा रहा है व मुआवजे से कहीं अधिक लागत का निर्माण होगा उन्होंने कहा इससे प्रशासन की मंशा साफ नहीं है और व्यापारियों को छला जा रहा है,महासचिव हामिद जाफर मीसम ने कहा कि समाजवादी पार्टी व्यापारी भाइयों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है, अगर व्यपारियो की सहमति नही ली गयी तो पार्टी आंदोलन को बाध्य होगी , महानगर प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया इस मौके पर महानगर महासचिव हामिद जाफर, मीसम ,व्यापारी नेता शक्ति जयसवाल,, नंदू गुप्ता, ध्रुव गुप्ता, वा स्थानीय व्यापारी मौजूद रहे!

## डोगरा रेजीमेंट अयोध्या में एनसीसी का वार्षिक प्रशिक्षण कैंप

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) स्थानीय डोगरा रेजीमेंट सेंटर कैंट अयोध्या में 48 यूपी वाहिनी एनसीसी गोंडा के तत्वाधान में एनसीसी का 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण कैंप चल रहा है यह शिविर दिनांक 14 जुलाई से प्रारंभ है और 23 जुलाई को समाप्त होगा कैंप का प्रारंभ कैंप कमांडेंट कर्नल सुनीत सिंह की ओपनिंग एड्रेस से प्रारंभ हुआ कैंप कमांडेंट ने सभी आए हुए कैडेटों का स्वागत करते हुए अनुशासन के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करना कैंप का उद्देश्य बताया इस अंतर्जनपदीय कैंप में जनपद गोंडा के साथ गोरखपुर एवं बलरामपुर के भी एनसीसी कैडेट प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं लगभग 500 छात्र–छात्राएं एनसीसी कैडेट इस कैंप में बी एवं सी प्रमाण पत्र के परीक्षा की तैयारी के साथ इस कैंप में थल सेना कैंप के कैडेटों का चयन किया जाएगा इसका इस प्रशिक्षण शिविर में डोगरा रेजीमेंट सेंटर के अनुभवी जेसीओ जोकि चयनित सैनिकों को ट्रेनिंग देते हैं उनके द्वारा कैडेटों का अभ्यास कराया जाएगा इसलिए जो कैडेट सेना में चयनित होना चाहते हैं उन्हें यहां प्रशिक्षण महत्वपूर्ण साबित होगा एनसीसी कैडेटों को सेना के माहौल में रहकर सैन्य प्रशिक्षण लेना एक रोमांचकारी अनुभव प्राप्त होगा प्रशिक्षण के अतिरिक्त कैंप में अन्य प्रतियोगिताएं संपन्न होगी।

## 18 घंटे से बिजली सप्लाई ठप्प होने से लाखों उपभोक्ता परेशान

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले के मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र में पिछले 18 घंटे से विद्युत आपूर्ति बाधित है। सूत्र के मुताबिक गुरुवार रात करीब 8 बजे बूंदाबांदी के साथ आंधी आने के चलते तहसील क्षेत्र की विद्युत सप्लाई व्यवस्था चरमरा गई है।वहीं हैरिंग्टनगंज क्षेत्र में पिछले डेढ़ महीने से उपभोक्ताओं को बमुश्किल 5–6 घंटे की ही सप्लाई मिल पा रही है। इसकी वजह बताया जा रहा है कि 24 घंटे में दो तीन बार 33 केवी हाईटेंशन लाइन का ब्रेक डाउन होना। एक ही लाइन से तीन सब स्टेशन हैरिंग्टनगंज, शाहगंज और खड़भड़िया चलाया जा रहा है जबकि खड़भड़िया सब स्टेशन के लिए लाखों रुपए खर्च कर अलग लाइन बनायी गयी है फिर भी जिम्मेदार अधिकारियों के गलत निर्णय के कारण महीनों से लाखों उपभोक्ताओं को बिजली सप्लाई का दंश झेलना पड़ रहा है। इस संबंध में बताया गया कि गुरुवार को रात करीब 8 बजे बाधित हुई विद्युत सप्लाई शुक्रवार को दोपहर डेढ़ बजे तक नहीं शुरू हो पायी है। हैरिंग्टनगंज सब स्टेशन के हरिनाथपुर,कोंछा, मोतीगंज व हैरिंग्टनगंज फीडरों की हालत बहुत दयनीय है। यहाँ दो और पाँच मिनट के लिए सप्लाई आती है। हरिनाथपुर फीडर पर घुरेहटा पूरे दरियावं सिंह के उपभोक्ताओं ने बताया कि कल शाम से अभीतक लगभग 19 घंटे होने को हैं, बिजली के दर्शन नहीं हुए हैं। बताया जा रहा है कि आँधी की वजह से कई जगहों पर पेड़ों की डालें टूटकर लटक गई हैं। यह भी बताया गया कि हवा चलने के कारण बिजली की लाइन पर पेड़ो की टहनियां छू जाती हैं। जिससे लाइन होल्ड नहीं हो पा रही है। लोगों ने बताया कि विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से लाइन की पेट्रोलिंग नहीं की जाती है। लाइन पर जगह जगह पेड़ों की डालियां व बेल वाली जंगली झाड़ियां बिजली के तारों को आपस में लपेट लेती हैं। किसानों के विद्युत मोटर और नलकूप नहीं चल पा रहे हैं। किसानों के धान, गन्ने और सब्जियों की फसलें बर्बाद हो रही हैं। गुरुवार की रात विद्युत आपूर्ति ठप होने से लाखों उपभोक्ताओं को रात अंधेरे में गुजारनी पड़ी। वहीं उमस और गर्मी में लोग परेशान रहे। हैरिंग्टनगंज विद्युत उपकेंद्र के हरिनाथपुर फीडर, कोंछा, मोतीगंज, हैरिंग्टनगंज फीडरों पर सप्लाई ठप्प है। इस बाबत हैरिंग्टनगंज जेई रवि सिंह से जानकारी चाही गई लेकिन उन्होंने रात से ही फोन रिसीव करना बंद कर दिया है।

## जुमा की नमाज के बाद बारिश होने की खुसूसी नमाज व दुआ की गुजारिश

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) रुदौली तहसील क्षेत्र के शुजागंज स्थित मदरसा के फाउंडर मौलाना उबेद नदवी ने क्षेत्र के तमाम मस्जिदों के इमाम,मौलवी व मौलानाओ से जुमे की नमाज के बाद बारिश होने व गर्मी से निजात दिलाने की खास नमाज व दुआ कराने का आग्रह किया है। इस मौके पर मौलाना उबेद ने ग्लोबल वार्मिंग पर चिंता जाहिर करते हुए क्षेत्र के तमाम लोगो से बारिश के लिए खास दुआ व नमाज पढ़ने का आग्रह किया है। मौलाना उबेद नदवी ने लोगो को गुनाह से बचने और अपने गुनाहो से तौबा करने की बात की क्योंकि अल्लाह जब बन्दों से नाराज होता है तो बारिश रोक देता है या तूफानी बारिश भेज देता है जिससे लोग फायदा उठाने के बजाये भारी नुकसान उठाते है इसीलिए अल्लाह को नाराज करने वाले कामो से तौबा की जाये ताकि अल्लाह रहमत वाली बारिश करे जिससे मुल्क के सभी इंसानो,मवेशीओ व जीव जंतुओं को राहत पहुंचे।आज जुमे की नमाज के बाद बारिश के लिए खुसूसी दुआ का एहतिमाम शुजागंज की मदरसा मस्जिद में किया जायेगा।इसके लिए मौलाना उबेद नदवी ने मदरसा मस्जिद में लोगो से दुआ में शिरकत की गुजारिश की है।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।